****************************************************************************************************

विषय :- हिंदी           कक्षा :-  दसवीं

****************************************************************************************************

'पंजाब स्कूल शिक्षा विभाग'

द्वारा प्रस्तुति

****************************************************************************************************

मार्गदर्शक :- डॉ. सुनील बहल, सहायक निदेशक

एस.सी.ई.आर.टी. पंजाब

****************************************************************************************************

लेखन एवं प्रस्तुति :- सुनीता चोपड़ा, हिंदी शिक्षिका

स.क.सी.से.स्मार्ट स्कूल खुर्दपुर, ज़िला - जालंधर।

****************************************************************************************************

सहयोगी और संशोधक :-

हरीश नागपाल,

ज़िला रिसोर्स पर्सन हिंदी

हिंदी शिक्षक

सरकारी हाई स्कूल निज्जरां, ज़िला - जालंधर।

****************************************************************************************************

********************

*************************************************************************************************************

# नमस्कार

*************************************************************************************************************

# ऑनलाइन हिंदी कक्षा में आप सभी का स्वागत है.....

*************************************************************************************************************

## पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित व्याकरण-पुस्तक 'हिंदी व्याकरण और मानक रचना-विधि' के अनुरूप अप्रैल - मई पाठ्यक्रम अनुसार

*************************************************************************************************************

## उपविषय - पाठ -8 विलोम शब्द ( विपरीत शब्द )

*************************************************************************************************************

**************************

| भाग - 'क' | भाग - 'ख' |
|---|---|
| 1.वह आज <u>प्रसन्न</u> दिखाई दे रहा था। | वह आज <u>अप्रसन्न</u> दिखाई दे रहा था। |
| 2. वह <u>आलसी</u> व्यक्ति है। | वह <u>परिश्रमी</u> व्यक्ति है। |

**उपर्युक्त वाक्यों में प्रसन्न-अप्रसन्न, आलसी-परिश्रमी रेखांकित शब्द एक दूसरे से विपरीत अर्थ दे रहे हैं।**

****************************************

******************************************************************************************************************

## विलोम शब्द का अर्थ और परिभाषा

******************************************************************************************************************

## विलोम का अर्थ है :- उल्टा।

******************************************************************************************************************

******************************************************************************************************************

# विलोम शब्द की परिभाषा

******************************************************************************************************************

**परिभाषा :- जो शब्द परस्पर एक - दूसरे का उल्टा अर्थ बताते हैं, उन्हें 'विलोम शब्द' कहते हैं।**

**अथवा**

**परस्पर विरोधी शब्दों के युग्म 'विपरीतार्थक' या 'विलोम शब्द 'कहलाते हैं।**

**विलोम शब्दों को 'विपरीत शब्द' भी कहा जाता है।**

******************************************************************************************************************

******************************************************************************************************************

*****************************************************************************************************************************

# विलोम शब्द कई प्रकार से बनते हैं :-

*** कुछ विलोम शब्द 'उपसर्ग' लगाकर बनाए जाते हैं।**

**जैसे :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अर्थ | अनर्थ |
| 2 | ईश्वर | अनीश्वर |
| 3 | क्रय | विक्रय |

*** इसके अलावा कुछ विलोम शब्द उपसर्ग बदलने से बनते हैं।**

**उदाहरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आयात | निर्यात |
| 2 | उत्कृष्ट | निकृष्ट |
| 3 | उन्नति | अवनति |

*** किंतु कुछ विलोम शब्द मूल रूप में ही प्रयुक्त होते हैं।**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | खिलना | मुरझाना |
| 2 | अमृत | विष |
| 3 | अधिक | कम |

*****************************************************************************************************************************

******

***************************************************************************************************************

# विलोम शब्दों के उदाहरण निम्नलिखित हैं :-

## 1. उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द

### ) 'अ' उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द

| शब्द | विलोम | | शब्द | विलोम |
|---|---|---|---|---|
| ज्ञान | अज्ञान | | धर्म | अधर्म |
| तृप्त | अतृप्त | | शांति | अशांति |
| न्याय | अन्याय | | सभ्य | असभ्य |
| पूर्ण | अपूर्ण | | साधारण | असाधारण |
| प्रसन्न | अप्रसन्न | | स्वस्थ | अस्वस्थ |

******

### Ii ) 'अन्' उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द

| शब्द | विलोम | | शब्द | विलोम |
|---|---|---|---|---|
| आदर | अनादर | | उचित | अनुचित |
| आगत | अनागत | | उदार | अनुदार |
| इच्छा | अनिच्छा | | एक | अनेक |
| इष्ट | अनिष्ट | | औपचारिक | अनौपचारिक |

******

| Iii ) 'अप' उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द | | | |
|---|---|---|---|
| शब्द | विलोम | शब्द | विलोम |
| शकुन | अपशकुन | कीर्ति | अपकीर्ति |
| शब्द | अपशब्द | यश | अपयश |
| उपकार | अपकार | मान | अपमान |

****************************************************************

| vi) 'अव' उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द | | | |
|---|---|---|---|
| शब्द | विलोम | शब्द | विलोम |
| आरोह | अवरोह | उत्तल | अवतल |
| उन्नति | अवनति | गुण | अवगुण |

****************************************************************

| v) 'कु' उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द | | | |
|---|---|---|---|
| शब्द | विलोम | शब्द | विलोम |
| सुकर्म | कुकर्म | सुपात्र | कुपात्र |
| सुमार्ग | कुमार्ग | सुपुत्र | कुपुत्र |
| सुविचार | कुविचार | विख्यात | कुख्यात |
| सुमति | कुमति | सुपूत | कुपूत |

*****************************

****************************************

| vi ) 'दुः/ दुर्' उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द | | | |
|---|---|---|---|
| शब्द | विलोम | शब्द | विलोम |
| सज्जन | दुर्जन | सद्भावना | दुर्भावना |
| सद्गति | दुर्गति | सुगन्ध | दुर्गन्ध |
| सदाचार | दुराचार | सौभाग्य | दुर्भाग्य |

**********************************

| Vii ) 'ना' उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द | | | |
|---|---|---|---|
| शब्द | विलोम | शब्द | विलोम |
| कबूल | नाकबूल | पाक | नापाक |
| काबिल | नाकाबिल | बालिग | नाबालिग |
| कामयाब | नाकामयाब | मंजूर | नामंजूर |
| खुश | नाखुश | मुमकिन | नामुमकिन |
| पसन्द | नापसन्द | वाकिफ | नावाकिफ़ |

********************************

## viii) 'निः/निर्' उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द

| शब्द | विलोम | शब्द | विलोम |
|---|---|---|---|
| आशा | निराशा | सदोष | निर्दोष |
| आश्रित | निराश्रित | सबल | निर्बल |
| आधार | निराधार | साकार | निराकार |
| मोही | निर्मोही | साक्षर | निरक्षर |

****************************************

## ix) 'पर' उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द

| शब्द | विलोम | शब्द | विलोम |
|---|---|---|---|
| स्वकीय | परकीय | स्वतन्त्र | परतन्त्र |
| स्वाधीन | पराधीन | स्वार्थ | परमार्थ |

****************************************

## x ) 'प्रति' उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द

| शब्द | विलोम | शब्द | विलोम |
|---|---|---|---|
| अनुकूल | प्रतिकूल | घात | प्रतिघात |
| वाद | प्रतिवाद | क्रिया | प्रतिक्रिया |

****************************************

## xi) 'वि' उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द

| शब्द | विलोम | शब्द | विलोम |
|---|---|---|---|
| अनुरक्ति | विरक्ति | संयोग | वियोग |
| आकर्षण | विकर्षण | संश्लेषण | विश्लेषण |
| संपन्न | विपन्न | संपदा | विपदा |
| क्रय | विक्रय | सधवा | विधवा |
| स्वदेश | विदेश | संकल्प | विकल्प |

**************************************

## xii) 'बे' उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द

| शब्द | विलोम | शब्द | विलोम |
|---|---|---|---|
| इज़्ज़त | बेइज़्ज़त | गुनहगार | बेगुनाह |
| ईमानदार | बेईमान | चैन | बेचैन |
| कसूरवार | बेकसूर | खौफ | बेखौफ |

**********

आशा करते हैं कि हमारे द्वारा किया गया यह प्रयास शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के लिए लाभदायक सिद्ध होगा.........

धन्यवाद।